Seventeenth Loksabha

Need to develop sports facility in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री रवि किशन (गोरखपुर): सभापति महोदय, मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, खेल-कूद, पर्यटन, व्यापार आदि का बहुत बड़ा केन्द्र है। गोरखपुर में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित है। इस कॉलेज से सटी हुई 13 एकड़ जमीन है जिसे "खेलो इंडिया" के अंतर्गत विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चिन्हित किया जा चुका है, जिसके तहत सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बहुउद्देशीय हॉल, तरण ताल, फुटबॉल ग्राउंड आदि का निर्माण किया जाना है। लेकिन इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक धनराशि जारी नहीं की गई है। अत: मैं आपके माध्यम से खेल मंत्रालय से मांग करता हूं कि वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के समीप की भूमि को खेलो इंडिया प्रोग्राम के तहत आधुनिक खेल संसाधनों से विकसित करने के लिए अविलंब धनराशि जारी करने की कृपा करें। यह हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का सपना है कि देश की युवा शक्ति को खेलों की ओर उन्मुख कर उन्हें उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाया जाए ताकि वे राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में देश का नाम रोशन कर सकें। गोरखपुर के युवा अत्यधिक प्रतिभाशाली हैं। उपरोक्त खेल-कूद परिसर को विकसित करने से युवाओं को काफी लाभ होगा।